**प्रेस नोट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद दिनांक 09.03.24**

**थाना कौशाम्बी पुलिस द्वारा 07 वर्षीय बच्ची का अपहरण कर फिरौती मांगने वाला 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से वादी की 07 वर्षीय पुत्री सकुशल बरामद।**

दिनांक 08.03.2024 को थाना कौशाम्बी पर वादी कृष्णा गुप्ता निवासी भोवापुर कौशाम्बी गाजियाबाद की लिखित तहरीर के आधार पर अभियुक्त मदन पुत्र गोपीचन्द निवासी सोनू का मकान भोवापुर कौशाम्बी गाजियाबाद उम्र करीब 45 वर्ष मूल निवासी गांव बिलवई थाना कोतवाली महोबा द्वारा वादी की 07 वर्षीय पुत्री अंजली का अपहरण कर ले जाने तथा फोन कर 5000/-रु0 की मांग करने के सम्बंध में सुसंगत धारा में अभियोग पंजीकृत किया गया था। जिसमें दिनांक 08.03.2024 को थाना कौशाम्बी पुलिस टीम द्वारा वादी की 07 वर्षीय पुत्री अंजली का अपहरण कर ले जाने तथा फोन कर 5000/-रु0 की मांग करने वाला 01 अभियुक्त मदन पुत्र गोपीचन्द निवासी सोनू का मकान भोवापुर कौशाम्बी गाजियाबाद उम्र करीब 45 वर्ष मूल निवासी गांव बिलवई थाना कोतवाली महोबा यूपी को मुखबिर की सूचना के आधार पर गाजियाबाद रेलवे स्टेशन के पास से अभियुक्त गिरफ्तार किया गया तथा वादी की 07 वर्षीय पुत्री अंजली को अभियुक्त के पास से सकुशल बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुध्द आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**पुछताछ का विवरण**

गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा पुछताछ करने पर बताया कि मैंने कल दिनांक 07.03.2024 को अपने पडोसी कृष्णा की लड़की अंजली का पैसों के लिए अपहरण किया था क्योंकि मुझे पैसों की सख्त आवश्यकता थी। मैंने अपहरण करने के बाद पडोसी अमित दुकानदार को भी फोन किया था कि कृष्णा अपनी लड़की को छुडाने के लिए मुझे 5000/-रु0 देगा तभी मै कृष्णा की लड़की अंजली को वापस दूंगा और लड़की वापस देने के सम्बंध में हमारे पडोस वाले कई लोगों व अंजली के माता-पिता का भी फोन आया था। उन सभी को भी मैंने यही कहा था कि 5000/-रु0 दोगे तभी मै लड़की को वापस दे दूंगा। उन्होने मुझे 5000/-रु0 नही भेजे थे। इसलिए ही मैने लड़की को नही दिया था। मेरे लड़के ने भी मुझे फोन करके बता दिया था कि कृष्णा ने आपके खिलाफ मुकदमा लिखा दिया है। मै अंजली का अपहरण कर ट्रेन से झाँसी ले गया था और वहां जैसे ही मै ट्रेने से उतरा तो मुझे शक हुआ कि पुलिस मुझे ढूढ रही थी तभी मै अंजली के साथ ट्रैन में बिना टिकट लिए छत्तीसगढ एक्सप्रेस में वापस बैठ गया। मै अंजली को लेकर गाजियाबाद स्टेशन पर उतर कर कही दूसरी जगह पर जा रहा था तो पुलिस वालों ने अंजली को लेकर मुझे के गिरफ्तार कर लिया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता**

मदन पुत्र गोपीचन्द निवासी सोनू का मकान भोवापुर कौशाम्बी गाजियाबाद उम्र करीब 45 वर्ष मूल निवासी गांव बिलवई थाना कोतवाली महोबा ।

**बरामदगी का विवरण**

वादी की 07 वर्षीय पुत्री अंजली सकुशल बरामद।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम**

थाना कौशाम्बी पुलिस टीम

**थाना नंदग्राम पुलिस टीम द्वारा 1 शातिर चोर गिरफ्तार कब्जे से चोरी का माल बरामद**

दिनांक 07-03-24 को वादी सुदेश कुमार पुत्र करन सिंह निवासी- म0नं0 777, गली नं07 दीनदयालपुरी नन्दग्राम ने सूचना दी मेरे बंद घर से दिनांक 5-3-24 की मध्य रात्रि में किसी अज्ञात चोर द्वारा घर में रखे आभुषण को अलमारी का ताला तोडकर चोरी कर लिया है, उपरोक्त सूचना पर थाना नन्दग्राम पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना नन्दग्राम पर तत्काल अभियोग पंजीकृत किया गया।

**कार्यवाही का विवरण--** उपरोक्त घटना का तत्काल संज्ञान लेते हुए, थाना स्तर पर टीमो का गठन कर घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरो व लोकल इनपुट की मदद से दिनांक 08-03-24 को मुखबिर की सूचना पर के समय करीब 00.35 बजे से 01 अभि0 को चोरी किये गये माल दो जोडी चुटकी सफेद धातु , दो अंगूठी सफेद धातु , एक हथफूल सफेद धातु , एक गले का सेट पीली धातु ,प्लास्टिक की पारदर्शी डिब्बी में एक सिक्का सफेद धातु , एक तागडी गुच्छा सहित सफेद धातु , एक जोडी पायल सफेद धातु सहित गिरफ्तार किया गया, अभि0 के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**पूछताछ का विवरण--** अभि0 द्वारा बताया गया कि मै बहुत कम पढा लिखा हूँ, और नशा करने का आदि हूँ, दि0 5-3-24 की रात्रि को मैंने देखा गली में एक घर बंद है तो मैं दीवार कुदकर वहां पर घुस गया और चोरी कर ली, यह सामान मैं अब बेचने के लिए किसी राह चलते ग्राहक को ढुंढ रहा था, तो आपने मुझे पकड लिया।

**अभि0 का नाम व पता--**

1 सनी ढकोलिया पुत्र मनोज ढकोलिया निवासी गली न0 7 दीनदयालपुरी नन्दग्राम थाना नन्दग्राम गाजियाबाद स्थाई पता लोहाल गली महात्मा फुले नगर थाणे मुंबई महाराष्ट्र उम्र लगभग 20 वर्ष।

**बरामदगी का विवरण—**

दो जोडी चुटकी सफेद धातु, दो अंगूठी सफेद धातु, एक हथफूल सफेद धातु , एक गले का सेट पीली धातु , एक सिक्का सफेद धातु , एक तागडी गुच्छा सहित सफेद धातु , एक जोडी पायल सफेद धातु।

**गिरफ्तारी करने वाली टीम--**

थाना नन्दग्राम पुलिस टीम कमिश्नरेट गाजियाबाद।